छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय

क्रमांक..21..../वि.स./सं.-/2019 रायपुर, दिनांक 03/6/2019

// निविदा आमंत्रण सूचना //

छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय की "जहाँ है जैसा है" के आधार पर 50 नग टाईपराईटर विक्रय हेतु एकमुश्त (LUMP SUM BASIS) आधार पर फर्मो से सीलबंद निविदाएं दिनांक 20 जून, 2019 को अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं ।

सामग्री का अवलोकन एवं निविदा की शर्तो हेतु कार्यालयीन समय में विधानसभा सचिवालय की संपदा शाखा कक्ष क्रमांक - बी -7 में संपर्क किया जा सकता है । निविदा की शर्ते सचिवालय की वेबसाईट WWW. Cgvidhansabha. gov.in पर भी उपलब्ध रहेगीं ।

अपर सचिव,
छत्तीसगढ़ विधानसभा

//निविदा विक्रय की शर्तें//

1 "जहॉ है जैसा है" के आधार पर 50 नग टाईपराईटर का विक्रय किया जाना प्रस्तावित है । निविदाकर्ता फर्म को एकमुश्त (Lump SUM BASIS) दर का प्रस्ताव स्पष्ट रूप से देना होगा । अन्य शर्तों या आधार पर प्रस्तुत निविदा /प्रस्ताव मान्य नही की जावेगी ।

2 कार्यालीन दिवस में दिनांक 18 जून, 2019 तक पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे के मध्य सामग्री का अवलोकन किया जा सकता है ।

3 निविदाकर्ता फर्म को अमानत राशि के रूप में राशि रूपये 500/- (रूपये पॉच सौ मात्र) की एफ.डी./ ड़ी.ड़ी.(सावधि जमा) सचिव छत्तीसगढ़ विधानसभा, रायपुर के नाम से देय संलग्न करना होगा ।

4 स्वीकृत निविदाकर्ता फर्म को आदेश की तिथि से एक सप्ताह के भीतर स्वीकृत निविदा राशि के पूर्ण भुगतान के पश्चात् ही विधानसभा सचिवालय से अनुमति उपरान्त विधानसभा परिसर से 07 दिवस के भीतर सामग्री का परिवहन स्वयं के व्यय पर करना होगा । विलम्ब की स्थिति में अमानत राशि जब्त कर ली जावेगी एवं संबंधित फर्म के प्रस्ताव को निरस्त कर आगामी कार्यवाही की जावेगी

5 निविदा प्रस्ताव, विधानसभा भवन स्थित अनुभाग अधिकारी, संपदा शाखा कक्ष क्रमांक बी-7 के पास दिनांक 20 जून अपरान्ह 3.00 बजे तक जमा किया जा सकता है ।

6 निर्धारित समय - सीमा के पश्चात् प्राप्त निविदा स्वीकार नही की जावेगी ।

7 किसी भी अथवा सभी निविदाओं को मान्य अथवा अमान्य करने का सर्वाधिकार सचिव, छत्तीसगढ़ विधानसभा को होगा ।

8 किसी भी विवाद की स्थिति में मान. अध्यक्ष विधानसभा का अन्तिम निर्णय सर्वमान्य होगा ।